**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding issues pertaining to development in Tribal areas of Dungarpur district in Rajasthan -laid.

**श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा):** मैं अपने निर्वाचित क्षेत्र डूंगरपुर-बांसवाड़ा (राजस्थान) के डूँगरपुर जिला मुख्यालय पर एकमात्र बड़े पैमाने का संगठित उद्योग मेसर्स राजस्थान सिरेन्स लिमिटेड है जिसकी स्थापना सन् 1979 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के नेतृत्व में औद्योगिक नीति के भाग के रूप में की गई थी ।

इस मिल से 2000 से अधिक श्रमिक अनुसुचित जाति, जनजाति, ओबीसी श्रेणी के जो जिले के विभिन्न हिस्से में रहते हैं ।

इस परिप्रक्ष्य में निम्नलिखित गौरतलब वस्तु स्थिति पर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ:-

1. राजस्थान में विगत तीन वर्षो से बिजली की लागत में 3/रू प्रति युनिट की वृद्धि की गई है ।

2. क्रास सब्सिडी सरचार्ज अधिविक्त अधिकार में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण टैक्स के माध्यम से

बिजली के आयात पर बाधाएं हैं ।

3. कम्पनी को बिजली के नियमित आपूर्ति नहीं होने ।

4. वाणिज्य बैंकिग सुविधाओं की गैर उपलब्ध नहीं होने ।

5. जिले में सार्वजनिक परिवहन खराब होने से श्रमिको की अनूपस्थिति ।

6. पानी की आपूर्ति नहीं होने एवं कॉमन ई.टी.पी. प्लोट उपलब्ध नहीं है जिससे बहुत सारा नुकसान उठाना पड़ रहा है ।

डूँगरपुर जिला अनुसूचित क्षेत्र में आता है । मेरी प्रार्थना है कि राजस्थान सरकार को निर्देश जारी करें कि डूँगरपुर जिला के आदिवासी क्षेत्र में उद्योगों को बचाने के लिए मौजूदा नये उद्योगो के लिए भारतीय ऊर्जा विनिमय के माध्यम से आयातित बिजली पर क्रांस सब्सिडी पर सरचार्ज अतिरिक्त अधिभार और बिजली शुल्क में छूट देकर बिजली की लागत में राहत प्रदान करें ।